हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 6 मई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

11 पारूल ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में जीता कांस्य



12 खाटूश्याम व सालासर धाम के लिए बस को किया रवाना



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक व वीरांगनाएं डाटा करवाएं अपडेट: शर्मा

**कैथल।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी ओपी शर्मा ने बताया कि जिला के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का डाटा इस कार्यालय में अपडेट किया जाना है। जिला के सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियां अपना संपूर्ण ब्यौरा कार्यालय में मौजूद प्रोफार्मा अनुसार जल्द जमा करवाएं, ताकि डाटा विभाग के पोर्टल पर अपडेट किया जा सके एवं भविष्य में पैंशन लेने में परेशानी नहीं आएं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला न्यायिक परिसर व उपमंडल न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 मई को किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि स्थानीय न्यायिक परिसर में आयोजित की जाने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लोग हर प्रकार के विवादों को समाधान के लिए रख सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों के समाधान के लिए आमजन की सुविधा अनुसार चार बेंच बनाए गए हैं।

### फ्री प्वाइंट का झांसा देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद ।** साइबर थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वांयट ऑफर का झांसा देकर लगभग साढे.97 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। जुलाना निवासी नवीन ने बताया कि उसके पास फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड पर फ्री प्वायंट ऑफर की बात कही। संदेह होने के चलते उसने फोन को काट कर स्विच ऑफ कर दिया। कुछ समय के बाद जब उसने फोन को ऑन किया तो उसके क्रेडिट कार्ड से साढ़े 97 हजार रुपये गायब थे। साइबर पुलिस ने आरोपी मूलतः राजस्थान हाल आबाद मुरैना एमपी निवासी राहुल को गिरफतार कर लिया है।

### नशीला पदार्थ पिलाकर महिला का यौन शोषण

**जींद।** गढ़ी थाना इलाके में महिला को नशीला पदार्थ देकर यौन शोषण करने तथा उसके जेवरात कब्जे में रखने पर महिला थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोनीपत इलाके की एक महिला ने बताया कि वह गढ़ी थाना इलाके में विवाहित है। रिश्ते में देवर लगने वाले सुनील ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद वह पति को छोड़ कर सुनील के घर आ गई। सुनील ने उसका यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब उसने सुनील के साथ शादी के लिए दबाव डाला तो उसने शादी करने से मना कर दिया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सुनील, उसके पिता लीलू राम, भाई जसबीर, प्रवीन, सचिन, अनीता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पारा पहुंचा 40 डिग्री सड़कें व बाजार हुए सुनसान

# मई माह की शुरुआत में ही अपना रौद्र रूप दिखाने लगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मई माह की शुरूआत में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घंटा व मौसम में आद्रता 15 प्रतिशत रही। दिनभरी चली तपिश भरी गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। हालांकि रविवार को छुट्टी होने के चलते बहुत कम लोग ही घरों से बाहर निकले। जिसके चलते दोपहर दो बजे सड़कें पूरी तरह से सुनसान नजर आई। जो दोपहिया वाहन चालक चल रहे थे वो भी कपड़े से मुंह ढांपे हुए थे। जिला प्रशासन ने दिनोंदिन बढ़ रहे तापमान को लेकर पहले ही एडवाइजरी जारी की हुई है।

### एडवाइजरी की जारी

मई माह की शुरूआत में ही अधिकतम तापमान 36 डिग्री से 40 डिग्री तक पहुंच रहा है। दोपहर को हालात ऐसे थे कि सड़कें व बाजार सुनसान नजर आए और हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दिए। हालांकि इस समय गेहूं की कटाई पूरी तरह से हो चुकी है और किसान खेती से आराम फरमा रहे हैं। इस समय अगर बारिश होती है तो नरमा फसल उत्पादक किसानों के लिए लाभकारी होगी। दिन की तेज गर्मी के कारण लोग कई बार ठंडी चीजों का सेवन कर रहे हैं वहीं रात को तापमान में ठंडक होने के चलते लोग गरम चीजों का सेवन कर लेते हैं। जिससे शरीर की तासीर बिगड रही है।



सुनसान पड़ी सड़क

### यह है मई माह का का तापमान

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 05 मई | 40 डिग्री | 25 डिग्री |
| 04 मई | 39 डिग्री | 24 डिग्री |
| 03 मई | 38 डिग्री | 26 डिग्री |
| 02 मई | 36 डिग्री | 19 डिग्री |
| 01 मई | 32 डिग्री | 18 डिग्री |

### छोटे बच्चे, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाएं रखें विशेष ध्यान

चिकित्सकों के अनुसार छोटे बच्चे, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाएं दोपहर 12 बजे से सायं चार बजे तक के दौरान बाहर न निकलें तथा जब भी बाहर निकलें तो सूती कपड़ा, गमछा आदि से सर ढक कर रखें। गर्मी के दौरान भारी कार्य न करें। यदि कोई भी आदमी गर्मी के कारण डिहाईड्रेशन या चक्कर आ जाए तो उसे किसी ठंडे या छायादार जगह पर लेटाएं व इलाज के लिए तुरंत एंबुलेंस को 108 नंबर पर कॉल करें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं ताकि उचित उपचार दिया जा सके।

### गर्मी से बचने के लिए खूब पानी पीएं : डा. राजेश

नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डा. राजेश ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। खुले में कूडा न जलाएं, खुले में धूम्रपान न करें, ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण अभियान का हिस्सा बनें। आम नागरिक गर्मी के मद्देनजर स्वयं का बचाव करने के साथ-साथ पशु पक्षियों का भी ध्यान रखें।

## जिले में चार केंद्रों पर नीट की परीक्षा शातिपूर्ण संपन्न

# कुल 2036 में से 1995 ने दी परीक्षा, 41 रहे अनुपस्थित

- पहली बार जींद शहर में बनाए गए नीट के परीक्षा केंद्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में नीट यूजी की परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। नीट परीक्षा को लेकर शहर में चार सेंटर बनाए गए थे। दोपहर बाद शुरू हुई नीट परीक्षा में 2036 में से 1995 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 41 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के अंदर तथा बाहर सुरक्षा के कडे. प्रबंध किए गए थे। परीक्षा के दौरान उडनदस्तों के साथ सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी जाती रही। सेंटरों में परीक्षा का सफल संचालन इंडस प्राचार्य एवं कॉआर्डिनेटर अरूणा शर्मा द्वारा किया गया।

### जिले में सेंटर होने से छात्रों को हुआ फायदा

जिले में नीट यूजी परीक्षा के लिए पहली बार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पूर्व मे नीट की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियो को हिसार, रोहतक, दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था। जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी को आने जाने में समय के साथ अन्य परेशानियों का सामना करना पडता था। शहर में नीट का सेंटर बनाए जाने से जींद जिले के ही नही बल्कि आसपास के जिलों के परीक्षार्थियों को भी काफी फायदा हुआ है। जिनका परीक्षा केंद्रों पर आवागमन काफी सुगम रहा। रविवार को आयोजित नीट परीक्षा के लिए शहर में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिसमें 2036 परीक्षार्थियों ने दोपहर बाद नीट की परीक्षा देनी थी। नीट की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र इंडस पब्लिक स्कूल में 644, डीएवी पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर 624, आधारशिला स्कूल परीक्षा केंद्र में 456 तथा हैप्पी नर्सरी स्कूल में परीक्षा केंद्र पर 312 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देनी थी। परीक्षा में डीएवी में नौ बच्चे अनुपस्थित, आधारशीला में आठ, हैप्पी नर्सरी में दस तो इंडस स्कूल में 14 बच्चे अनुपस्थित रहे। कुल 1995 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

नीट परीक्षा सिटी कॉआर्डिनेटर अरूणा शर्मा ने बताया कि चार परीक्षा केंद्रों पर 2036 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। 41 बच्चे परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 1995 परीक्षार्थियों परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है।



**जींद।** परीक्षार्थी की जांच करते हुए पुलिसकर्मी

### सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

नीट की परीक्षा को लेकर बेहद कडे प्रबंध किए गए थे। दोपहर दो बजे शुरू हुई परीक्षा के लिए सुबह साढ़े 11 बजे परीक्षा केंद्रों एंट्री शुरू कर दी गई थी। रोल नंबर स्लीप, आधार कार्ड, एक फोटो तथा पारदर्शी पानी की बोतल के सिवाय कुछ भी अंदर नही ले जाने दिया गया। जिन्होंने जूते पहने हुए थे उनके जूते बाहर निकलवा दिए गए। हाथ में कडा या गले धागा या ताबीज बांधा हुआ था, उसे भी खुलवा दिया गया। बाहर पुलिसबल तैनात रहा तो अंदर उड़नदस्ते तथा सीसी टीवी कैमरों ने लगातार नजर रखी जाती रही।

### रेलगाड़ी की खिड़की से गिरकर यात्री की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग स्थित बरसोला स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस की खिडक़ी से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त (पंजाब) पटियाला जिले के गांव सनोर निवासी 22 वर्षीय सुखचैन के तौर पर हुई। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने बरसोला स्टेशन मास्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यदि स्टेशन मास्टर समय पर जीआरपी को सूचना दे देता तो उनके बच्चे की जान बच सकती थी। रेलवे कर्मचारियों ने उनके बेटे को ढूंढवाने में भी उनका सहयोग नहीं किया। पटियाला जिला के गांव सनोर निवासी सुखचैन शनिवार रात को अपनी मां, मामी और नानी के साथ साबरमती एक्सप्रेस में अलवर से सवार हुए थे। वह साबरमती एक्सप्रेस से अंबाला और उसके बाद ट्रेन के माध्यम से पटियाला जाना था। जींद जंक्शन से निकलते ही सुखचैन अपनी नानी को वॉशरूम में छोड़ने गया था। जब ट्रेन बरसोला स्टेशन के पास पहुंची तो अचानक ट्रेन में झटका लगा और वह खिडक़ी से नीचे जा गिरा। यात्री के गिरने की सूचना पर यात्रियों ने तुरंत ट्रेन की चेन खींच दी और रेल कर्मचारियों को इसकी सूचना दी लेकिन रेल कर्मचारियों ने इसकी सूचना जीआरपी को नहीं दी।

- परिजनों ने स्टेशन मास्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

# कब-बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक का विमोचन



**जींद।** पुस्तक का विमोचन करते हुए।

- बच्चों को राष्ट्रीय गोल्डन एरो अवार्ड में सहायक होगी यह पुस्तक : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ द्वारा लिखित कब बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक का रा'य सचिव मनीराम शर्मा आईएस व रा'य कमिश्नर बुलबुल अमनीत पी कुमार आईएस ने विमोचन किया। जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा मिले और बच्चे बिना किसी डर, भय, हिचक के मन लगा कर शिक्षा के प्रति रूचि दिखाएं, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लड़कों के लिए कब पैक एक्टिविटी पुस्तक लिखी ताकि बच्चों को प्रवेश, प्रथम चरण, द्वितीय चरण, तृतीय चरण, चतुर्थ चरण के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो। उसके बाद लड़कों को राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला सवार्ेच्च अवार्ड गोल्डन एरो अवार्ड मिल सके। लड़कियों के लिए बुलबुल एक्टिविटी पुस्तक लिखी ताकि लड़कियों को प्रवेश, कोमल पंख, रजत पंख, स्वर्ण पंख, हीरक पंख पाठ्यक्रम की पूरी तैयारी करने के बाद सवार्ेच्च अवार्ड गोल्डन एरो अवार्ड मिल सके।

राजेश वशिष्ठ ने बताया कि कब बुलबुल गतिविधियों के जरिये प्राथमिक कक्षा के बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से सिखाया जाता है। कैंपों में कब (लड़के), बुलबुल (लड़कियां) को नैतिक शिक्षा दी जाती है। बड़ों की आज्ञा मानने और साफ-सफाई व विनम्रता का पाठ पढ़ाया जाता है। छोटी-छोटी कहानियों जैसे मोगली की कहानी और तारा कहानी के जरिये बच्चों के व्यक्तिगत व्यवहार में निखार आ जाता है।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल-चीका रोड पर रविवार सुबह एक कार चालक ने ट्रक को गलत साइड से ओवरटेक करते हुए दो बाइक सवारों चालकों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी घायल हो गई। नवीन शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह बिजली बोर्ड कांगथली में एसएसए उसका 30 वर्षीय भाई दिनेश बाइक पर अपनी पत्नी सोनिया के साथ चीका जा रहे थे। वह भी उनके साथ एक दूसरी बाइक पर जा रहा था। जब वह गांव पीडल से चीका के बीच पहुंचे तो चीका की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की वैगनार कार का चालक लापरवाही से गाड़ी चलाता हुआ आ रहा था। जब वह गलत तरीके से एक ट्रक को ओवरटेक करने लगा तो उसने आगे जा रहे उसके भाई विनोद की बाइक को टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने पर कर चालक ने दो अन्य मोटरसाइकिलों को भी टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने के बाद उसका भाई दिनेश व भाभी सोनिया सड़क पर गिर गई। गुहला के सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां डॉक्टरों ने उसके भाई दिनेश को मृत घोषित कर दिया। उसकी घायल भाभी सोनिया को पटियाला रेफर किया गया है।

### जींद से पटियाला के लिए शुरू हुई बस सेवा

**जींद।** रोडवेज डिपो ने जींद से पटियाला के लिए एक और बस सेवा शुरू की है। यह पटियाला में नाइट स्टे करर अगले दिन सुबह जींद के लिए वापसी करेगी। जींद से पटियाला जाने के लिए कोई ट्रेन भी नहीं है। यह बस दोपहर बाद चार बजकर 40 मिनट पर जींद से पटियाला के लिए रवाना होगी। जो संगरूर व पातड़ा होते हुए 176 किलोमीटर की दूरी तय कर पटियाला पहुंचेगी। जींद से पटियाला का किराया 190 रुपये लगेगा। इस समय जींद से पटियाला के लिए पांच बस चलती हैं। पहली बस सुबह साढ़े पांच बजे, दूसरी बस सुबह 6:20 बजे, तीसरी बस सुबह सात बज कर 50 मिनट, चौथी बस नौ बजकर 20 मिनट व पांचवीं बस 11 बजकर 18 मिनट पर जींद से चलती है।

# चालक को आई झपकी, कार खदानों में पलटी

- यातायात पुलिस ने बचाई घायल युवती की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

यातायात पुलिस ने सडक हादसे में घायल एक युवती की जान बचाने का काम किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सायं के समय भिवानी की एंजल नामक युवती गाड़ी में सवार होकर कुरूक्षेत्र से कैथल की ओर आ रही थी। कार को चालक चला रहा था। जैसे ही कार टीक ओवरब्रिज के निकट पहुंची तो अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई तथा गाड़ी सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। हादसे में कार में सवार युवती एंजल को गहरी चोट आई। हादसे की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस के एसआई रमेश चंद्र, एसआई शमशेर सिंह, एचसी विक्रम सिंह की टीम मौके पर पहुंची तथा युवती को कार से बाहर निकालते हुए अपनी गाडी की सहायता से उसे कैथल के सिग्नस अस्पताल में दाखिल करवाया। यहां पर युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवति के परिजनों ने जान बचाने को लेकर यातायात पुलिस का आभार जताया।



**कैथल।** घायल युवती को अस्पताल पहुंचाते यातायात पुलिस के कर्मचारी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत

**जींद।** गांव सुरबूरा में तेजरफ्तार बाइक ने खेत से लौट रहे किसान की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार किसान की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दूसरे फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुरबूरा निवासी रमेश 50 खेत में तूड़ी बनवा कर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। गांव के ही रजबाहा पूल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने रमेश की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रमेश घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में रमेश को हिसार निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान रमेश की मौत हो गई।

## पंचायत मंत्री आवास पर प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर बनाई रणनीति

# सरपंचों को बिल बनाने का अधिकार देने पर रोष

- मजदूर भवन में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मजदूर भवन में रविवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक जिला प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 23 जून को पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर होने वाले प्रदर्शन की रणनीति बनाई। सीटू नेता रमेश चंद्र, कपूर सिंह, पवन कुमार ने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से हाजरी लगा कर सरपंचों को मानदेय या वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देकर ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटरों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलने के खिलाफ भारी गुस्सा है और इसका मुंह तोड़ जवाब सफाई कर्मचारी इस लोकसभा चुनाव में मौजूदा सरकार को देंगे। क्योंकि सरकार का यह निर्णय घोर कर्मचारी विरोधी है।

हरियाणा में किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को किसी कर्मचारी की हाजिरी लगाने का अधिकार नही है तो सफाईकर्मियों, चौकीदारों और जलकर्मियों के बिल बनाने का अधिकार सरपंच को क्यों दिया जा रहा है। रमेश चंद्र ने कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास 10 साल सरकार चलाने के बाद भी कोई उपलब्धि बताने के लिए नहीं है। भाजपा की ईमानदारी की पोल भी चुनाव बॉड में खुल गई। देशभर मे गौमाता कि आड़ मे दर्जनों निर्दोष लोगों के कत्ल तक किए गए और भाजपा ने बीफ कंपनियों से भी पैसा लेने में कोई गुरेज नहीं किया। प्रधानमंत्री सफाई कर्मचारियों के पैर धोने का ढोंग तो करते हैं लेकिन उनके हालात को सुधारने के लिए कुछ भी नहीं करते हैं। इसलिए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बैठक को राजेंद्र, गुलाब बिरौली, कृष्ण लजवाना, विनोद बिघाना, सुल्तान दुडाना, संजय बुआना, संजय अनूपगढ़, सुभाष, शंभू आदि मौजूद रहे।



**जींद।** मजदूर भवन में बैठक करते हुए मजदूर।

# स्कूल-कॉलेजों के खेल के मैदान में नहीं होंगी राजनीतिक रैलियां : रजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय दिशा निर्देशों के अनुसार चुनाव रैलियों के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्कूल व कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए रैलियां की जाती हैं। हरियाणा व पंजाब को छोड़कर अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से खेल मैदान उपयोग किया जा सकेगा। उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर हरियाणा में व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है। चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। इस दौरान किसी धार्मिक स्थल का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग, सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी कारण से मृत्यु हो जाने पर परिजनों को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ड्यूटी पर मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी।



मोहम्मद इमरान रजा

- धार्मिक स्थल का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नही होगा

## खबर संक्षेप



### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**उचाना।** महर्षि लोमश स्कूल लोधर के छात्र हरदीप पुत्र सेवा सिंह का आईएमए में चयन हुआ। छात्र कपिल पुत्र बलजीत का आईआईटी में चयन हुआ। स्कूल संचालक गजे सिंह गिल ने कहा कि दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गिल ने कहा कि निरंत ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

### सात को पूर्व डिप्टी सीएम डूमरखां कलां व लोधर में

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सात मई को पूरा दिन उचाना हलके के डूमरखा कलां, लोधर गांव में बिताएंगे। दोनों गांव में कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित 80 से अधिक कार्यक्रमों में शिकरत करेंगी। पूर्व डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम लोकसभा चुनाव से पहले दुष्यंत चौटाला कर रहे है। कार्यकर्ताओं के यहां जाकर वो उनसे रूबरू होंगे।

### रणदीप सुरजेवाला आज गांवों में करेंगे जनसंपर्क

**नरवाना।** नरवाना नप के पूर्व प्रधान एवं प्रदेश कांग्रेस सेवा समिति के सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला आज नरवाना हलके के कई गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सिंगला ने बताया कि रणदीप सिंह सुरजेवाला ढाकल गांव से अपना जनसपंर्क शुरू करेंगे।

### जनता ने मोदी को फिर से लाने का किया फैसला

**पूंडरी।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईसम सिंह साकरा ने कहा कि देश की जागरूक जनता ने मोदी को फिर से लाने का फैसला कर लिया है और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से छुटकारा है। युवाओं को एक ऐसा मंच देना, जिससे वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें। पूंडरी भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रहित के लिए, राष्ट्र के विकास और तरक्की के लिए, बेहतर भविष्य के लिए नरेंद्र मोदी जरूरी हैं।

## सफीदों रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ने से मचा हड़कंप

# स्टेशन पर बिजली के तारों की चपेट में आने से किशोर झुलसा

### आनन-फानन में बिजली को बंद करवाकर नीचे उतारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

रेलवे स्टेशन पर रविवार सायं को उस समय हड़कंप मच गया जब एक किशोर वहां पर खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ते ही ऊपर से गुजर रहीं बिजली की हाईपावर की तारों से ऊपर खींच लिया और झटके से उसे वापस डिब्बे पर गिरा दिया। इस घटना में युवक बुरी तरह से झुलस गया। घायल युवक की पहचान गांव खेड़ा खेमावती निवासी नवीन (15) के रूप में हुई है। आनन-फानन में पीछे से तारों की बिजली को बंद करवाया गया और युवक को मालगाड़ी के डिब्बे से उतरवा कर सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। नागरिक अस्पताल में डाक्टरों ने युवक की गंभीरावस्था को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रेफर कर दिया गया। युवक गाड़ी पर क्यों चढ़ा इसके कारण अज्ञात हैं।

गांव खेड़ा खेमावती का नवीन दोपहर को अपने घर से खेलने के बात कहकर निकल गया था। इस दौरान मां ने रोका भी कि वह दोपहर में ना जाए लेकिन वह नहीं माना और घर से चला गया। वह घर से खेलने की बजाए सफीदों के रेलवे स्टेशन पर चला गया और वहां पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गया। जैसे ही वह मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा वैसे ही ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों ने उसे अपनी ओर खिंचकर उसे एक झटके में मालगाड़ी के डिब्बे पर फेंक दिया। कुछ ही पलों में करंट के प्रभाव से बुरी तरह से झुलस गया। इस हादसे के होते ही रेलवे स्टेशन पर हडकंप मच गया। मामले की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी गई। सूचना पाकर स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव तत्काल आफिस से निकल कर मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक युवक मालगाड़ी के डिब्बे पर बेसूधा झुलसी अवस्था में पड़ा है। स्टेशन अधीक्षक ने तत्काल पानीपत से बिजली की सप्लाई बंद करवा कर युवक को नीचे उतरवाकर एंबूलेंस के माध्यम से उसे नगर के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। सूचना पाकर गांव खेड़ा खेमावती से परिजन अस्पताल पहुंचे। वहीं नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर उसकी गंभीरावस्था को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही थी। नवीन की मां मुकेशी देवी ने बताया कि वह खेलने की बात कह कर घर से निकला था। उन्हे नहीं पता कि वह यहां पर कैसे पहुंचा और क्यों मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा।



**सफीदों।** नागरिक अस्पताल में जुटे परिजन।



**सफीदों।** मालगाड़ी के डिब्बे पर चढ़ा युवक।

#### क्या कहते हैं स्टेशन अधीक्षक

इस मामले में स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि वे अपने आफिस में काम कर रहे थे कि इसी दौरान इस घटनाक्रम की सूचना मिली। वे तत्काल मौके पर पहुंचे और पीछे से बिजली सप्लाई को बंद करवाकर झुलसे हुए युवक को एंबूलेंस बुलाकर नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया।



**सफीदों।** जानकारी देते हुए युवक की मां।



**सफीदों।** जानकारी देते हुए युवक की दादी।



**नरवाना।** लोगों को भाजपा हराओ देश बचाओ के बारे में बताते हुए।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने गांवों का किया दौरा

- भाजपा और उसके सहयोगियों को सबक सिखाओ की रणनीति बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रविवार को संयुक्त किसान मोर्चे की टीम डिम्पल, कमलेश सच्चा खेड़ा, अनिता कर्मगढ, भारती ढाकल, रामप्यारी, मास्टर चांद, दलबीर सिंह, सतबीर खरल, अलबेल सिंह, शमशेर सिंह , निहाल सिंह, हवा सिंह, अज़मेर सिंह आदि ने मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में भाजपा और उसके सहयोगियों को सबक सिखाओ, देश बचाओ अभियान को जारी रखते हुए दाता सिंह वाला, हंसडेहर, डिंडोली, पदार्थ खेड़ा, रेवर, गढ़ी आदि का दौरा किया और लोगों से संवाद कायम करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने सवाल खड़े किए कि सड़क खोद कर व कीलें गाड़कर किसानों को दिल्ली जाने से क्यों रोका पंजाब हरियाणा के बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने शुभकरण की हत्या क्यों की, आशा वर्कर आंगनबाड़ी, सरपंचो, कर्मचारियों, मज़दूरों, किसानों को चंडीगढ़ जाकर प्रदर्शन करने से क्यों रोका क्या हमें चंडीगढ़ जाने का अधिकार नहीं, लाखिमपुर खीरी में 5 किसानों और 1 पत्रकार को गाड़ी से कुचल कर मौत के घाट उतारने वाले मंत्री को टिकट क्यों, हमारी ओलंपियन खिलाड़ी बेटियों को बालों से घसीट कर कर शर्मशार करने वालों पर क्या कार्यवाही की गई और उनका यौवन शौषण करने वाले बृजभूषण और संदीप सिंह जिस ने हमारी बेटी महिला कोच के शौषण किया उन पर कार्यवाही क्यों नहीं, 300 महिलाओ के शौषण आरोपी पी रेवन्ना को भाजपा का टिकट क्यों, क्या हमें इसे लोगों ओर ऐसी पार्टियों को वोट देना चाहिए जो हमारी बहु बेटियों की इ'जत आबरू से खिलवाड़ करे और अधिकारों अतिक्रमण करे । साथीयों भाजपा और उसके सहयोगियों को सबक सिखाने का वक्त आ गया । चूक का अर्थ होगा हमारी जिंदे जी मौत अत बटन ऐसा दबाना की 5 किलो अनाज की लाइन में खड़े होने की बजाए नौकरी के लिए इंटरव्यू देने वालों की लाइन में लगने वालों में हो भाजपा हराओ देश बचाओ।

# पर्यावरण शुद्धि के लिए किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने भजन एवं गीतों के माध्यम से ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना स्वामी श्रद्धानंद एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक स्वतंत्रता में योगदान का यशोगान किया गया।

आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि भारत में आदिकाल से ही गुरु परम्परा रही है। अर्जुन देव ने आदि ग्रंथ की रचना की जिसको अंत में गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किया गया। जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव को षड़यंत्र के तहत मृत्यु दंड के रूप में तपते हुए रेत में जलकर मौत के घाट उतार दिया। बदलते हुए पर्यावरण पर अपने व्याख्यान में मिथिलेश शास्त्री ने कहा कि फसल अवशेष एवं प्राकृतिक अवशिष्ट पदाथोंर् को प्राकृतिक विधि से खाद में बदलकर पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण में किसान वर्ग और आम समाज अद्वितीय सहयोग दे सकता है। अंधाधुंध आग लगाने प्रतीक संसाधनों का दोहन करने से प्राकृतिक वनस्पतियां दिन प्रतिदिन समाप्त हो रही हैं।



**नरवाना।** हवन करते हुए आर्य समाज।

# राजकीय स्कूल भंभेवा के 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव भंभेवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार मित्तल, एसएमसी प्रधान मीना रानी व स्टॉक सदस्यों ने मेधावी बच्चों को मैडल व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य रमेश कुमार मित्तल इस अवसर ने बताया कि विद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। जिसने से 22 छात्रों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करताया है और विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा आशा सुपुत्री रामवाल ने 465 अंक लेकर पिल्लुखेड़ा ब्लॉक में तृतीय स्थान हासिल किया है। छात्रा मोनिका पुत्री पवन ने 451 अंक व नीरज पुत्री अनिल ने 450 अंक प्राप्त किए हैं। कई विद्यार्थियों ने तो 100 में से 100 अंक भी प्राप्त किए है। अभिनंदन समारोह के बाद इन मेधावी छात्र-छात्राओं की गांव में एक शोभायात्रा भी निकाली गई। एसएमसी प्रधान मीना रानी व उपप्रधान राजेश कुमार ने कहा कि सरकार ने हरियाणा के प्रत्येक सरकारी स्कूल में हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा उठा है। विद्यालय के अध्यापक पूर्ण निष्ठा के साथ छात्र-छात्राओं को बढ़िया वातावरण में बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।



**सफीदों।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ व गण्यमान्य लोग।



### गायों को हरा चारा खिलाकर कमाया पुण्य

**जींद।** भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में रविवार को भारत विकास परिषद जयंती शाखा के द्वारा हांसी रोड बीड़ वाली नंदीशाला में गोवंश को हरा चारा, गुड़ व बंदरों को फल डालने उपरांत मंदिर में पूजा अर्चना की व बड़े हषाेर्ल्लास के साथ नव वर्ष आगमन का स्वागत किया। जयभगवान पिंडारा ने सभी गौभक्तों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। प्रधान प्रवीन जिंदल ने कहा कि उनकी संस्था के द्वारा प्रत्येक रविवार और अन्य अवसरों पर गोवंश को चारा डाला जाता है। वह सभी मिलकर सदैव इसी प्रकार गौ माता की सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर संरक्षक अशोक सिंगला, अध्यक्ष दिनेश गर्ग, सचिव नरेश जिंदल, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, जिला अध्यक्ष प्रवीन जिंदल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस सेवा में परिषद के लगभग 30 परिवारों ने बच्चों सहित भाग लिया।

# डूमरखा कलां में बीरेंद्र सिंह के समर्थकों की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

- 10 बजे बीरेंद्र सिंह के प्रमुख समर्थकों की मीटिंग होगी

गांव डूमरखा कलां में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के आवास पर छह मई को 10 बजे बीरेंद्र सिंह के प्रमुख समर्थकों की मीटिंग होगी। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पहली बार उचाना में बीरेंद्र सिंह प्रमुख समर्थकों की मीटिंग हो रही है। मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन स'जन सिंह, हरेंद्र सिंह, संजीव डूमरखां ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी हिस्सा लेंगे। मीटिंग का आयोजन लोकसभा चुनाव के मध्यनजर किया जा रहा है। कांग्रेस में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के शामिल होने के बाद पहली मीटिंग है। हर गांव से प्रमुख कार्यकर्ता मीटिंग में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस को मजबूत करने के साथ-साथ कांग्रेस के घोषणा पत्र को जन.जन तक पहुंचाने के लिए भी विस्तार से चर्चा करने के साथ जिम्मेदारी टीम बना कर सौंपी जाएगी। इंडिया गठबंधन को लेकर पूरे देश में माहौल निरंतर बनता जा रहा है।



**उचाना।** मीटिंग को लेकर जानकारी देते हुए सज्जन सिंह व संजीव डूमरखा।

# डीएफएससी ने किया 61 फीसदी उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

- उठान की रफ्तार बढ़ी, आवक हुई कम

उठान की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। उचाना मंडी से 236309 क्विंटल गेहूं का उठान करके डीएफएससी ने 61 प्रतिशत खरीदी गई गेहूं का उठान अब तक किया है। हैफेड ने 139500 क्विंटल का उठान कर 56 प्रतिशत गेहूं के बैगों का उठान किया है। शनिवार को मंडी से दोनों एजेंसियों द्वारा 70 हजार गेहूं के बैगों का उठान किया। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि छात्तर सब यार्ड में डीएफएससी ने 71523 क्विंटल, हैफेड ने 54560, घोघड़िया में डीएफएससी ने 69001 क्विंटल, काब्रच्छा में वेयर हाऊस ने 43500 क्विंटल एवं धनखड़ी में 7215 क्विंटल गेहूं का उठान डीएफएससी ने किया है। उचाना में 925550 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। 626701 क्विंटल का उठान हो चुका है। 298849 क्विंटल का उठान होना बाकी है। 68 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी गेहूं के सीजन में नहीं आने दी गई। सीजन में उठान, खरीद सहित सभी पुख्ता प्रबंध फसल को लेकर प्रशासन द्वारा किए गए थे। अब आवक दिन प्रतिदिन कम होने लगेंगी।



**उचाना।** मंडी में फड़ पर लगे गेहूं के बैगों के स्टैक और उठान का कार्य जारी।

# दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

- करीब 5 लाख रुपये कीमत की 2 किलो 700 ग्राम अफीम व 4 किलो 135 ग्राम डोडा चुरापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट तथा एंटी नारकोटिक सेल द्वारा अलग अलग मामलो मे 2 आरोपी काबू कर लिए गए। जिनके कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत की 2 किलो 700 ग्राम अफीम व 4 किलो 135 ग्राम डोडा चुरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई मे एसआई सुभाष चंद, एचसी मनीष कुमार, एचसी तरसेम कुमार, एचसी मोहनलाल की टीम शाम के समय गश्त दौरान गुरु ब्रह्मानंद चौक पूंडरी पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को एक गुप्त जानकारी मिली कि एनएच 152डी मोहना पुल के निचे एक होंडा सिटी गाड़ी मे एक युवक बैठा है, जो अपने साथ मादक पदार्थ अफीम लिए हुए है। सूचना विश्वशनीय होने कारण पुलिस द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए एनएच 152 डी मोहना पुल के निचे दबीश देकर वहां खड़ी होंडा सिटी गाड़ी से संदिग्ध गांव भावी जिला जोधपुर राजस्थान निवासी दिनेश ऊर्फ हनुमान को काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे कार्यकारी अभियंता सरस्वती हेरिटेज कैथल दिग्विजय शर्मा के समक्ष संदिग्ध की ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में गाड़ी से एक बैग अंदर रखे पॉलीथिन से 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद हुई।




**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस की गिरफ्त में अफीम तस्कर।



**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्कर।

## गुरुओं की सेवा और आराधना करने से होता है मन नियंत्रित

# संयम रूपी ब्रेकर से होती है जीवन की गाड़ी कंट्रोल : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे कीर्तन में श्रद्धालुओं को मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि संयम रूपी ब्रेकर द्वारा ही मानव का जीवन कंट्रोल होता है। बिना संयम इंसान का जीवन घुन लगी लकड़ी के समान अंदर से खोखला हो जाता है। आज इंसान तरक्की तो बहुत कर रहा है पर उसकी जिंदगी में से संयम घटता जा रहा है। इच्छाओं के बढ़ने के कारण मानव में दुख भी बढ़ते जा रहे हैं। संयम में हर चीज लाभकारी है संयम में संतोष होता है, तप होता है। संयम प्रदर्शन हेतु नहीं बल्कि आत्मदर्शन हेतू होता है। संयम से धर्म की रक्षा होती है। तिजोरी में रखे धन की सुरक्षा ताला करता है ऐसे हमारे भीतर एकत्रित रूपी धन की सुरक्षा भी संयम रूपी ताला करता है। जिस तरह बिना ब्रेक के गाड़ी का एक्सीडेंट होना संभाविक है ठीक उसी तरह बिना संयम के जीवन का विनाश होने से उसे कोई रोक नहीं सकता है। शर्मा ने कहा कि प्रभु राम को मर्यादा पुरूषोत्तम कहते है क्योंकि वे सदा मर्यादा में रहते थे।



**उचाना।** भजन कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु।

#### मर्यादा का अर्थ संयम पर शासन

मर्यादा में रहने से ही वे पुरूषोत्तम अर्थात पुरूषों में उत्तम कहे गए। आज इंसान का न मन संयम में रहता है न ही वचन न ही काया। मन सारा दिन उल्टे, सीधे ख्यालों में तैरता रहता है। वाणी के तो कहने ही क्या असंयम से बोला एक भी वचन सदा झगड़े की जड़ है। काया भी एक स्थान पर संयम से नहीं टिकती इधर-उधर आंखे लगातार देखती रहती है। मन पर संयम किस तरह हो इसके लिए कुछ बातों पर अमला करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरूओं के चरणों में रहो उनकी सेवा, आराधना करते रहो तो मन पर काबू होगा, अज्ञानी से असंयमी पुरूष से सदा बचकर रहो क्योंकि वो हमें सदा असंयम के लिए प्रेरित करेगा, अच्छी पुस्तकों का पठन, पाठन करो, सुने हुए ज्ञान पर चिंतन व मनन करें, धैर्य व सहनशीलता के द्वारा भी मन पर काबू पाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### आदेशों के बावजूद जलाए जा रहे गेहूं के अवशेष

**राजौंद।** कृषि विभाग व जिला प्रशासन द्वारा गेहूं के अवशेष न जलाने के आदेश यहां कागजों में सिमटकर रह गए हैं। किसानों द्वारा गेहूं के अवशेषों के साथ छोटे व बड़े सैकड़ों पौधों को भी आग के हवाले किया जा रहा है। प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के सजग प्रहरी वृक्ष आगजनी का शिकार होकर राख में तबदील होते कही भी देखे जा सकते हैं। किसानों को जैसे ही समय मिलता है उसी अनुसार गेहूं के अवशेषों के साथ वृक्षों को भी आग के हवाले कर देते हैं। प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा अभी तक इस कार्यवाही को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कदम न उठाने के कारण पेड़ों व अवशेषों को आग लगाने वाले किसानों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।



### रसूलपुर में नेत्र शिविर में 198 मरीजों की जांच

**पूंडरी।** समाजसेवी प्रमोद चुहडमाजरा द्वारा चलाए जा रहे नेत्र जांच अभियान के तहत गांव रसूलपुर में 40वां मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। गुर्जर धर्मशाला में आयोजित शिविर में जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. षिपाल करनाल व उनकी टीम द्वारा 198 मरीजों की आंखों की जांच कर इनमें से 5 मरीजों को अधिक समस्या होने की वजह से ऑपरेशन करने के लिए चुना गया। इस मौके पर मरीजों को जांच के बाद उचित परामर्श, दवाइयां और चश्मे वितरित किए। इसके अलावा जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन किया जाना है, उनकी आंखों में सफेद व काला मोतिया व अन्य समस्या थी, उनका ऑपरेशन करनाल डा. षिराज अस्पताल में किया जाएगा।

### आधार कार्ड को 14 तक करवाएं अपडेट : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 जून 2024 निर्धारित की गई है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को यूआईडीएआई के पोर्टल पर जाकर स्वयं निशुल्क अपडेट कर सकते हैं। जिन व्यक्तियों ने दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में अपडेशन जरूर करवा लें।

### केवाईसी ऐप से देखें अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने नो योर कैंडिडेट एप की शुरूआत की है।

गणमान्य लोगों के प्रयास भी नहीं ला पा रहे रंग

# सड़कों पर निराश्रित घूमते गोवंश की हो रही दुर्दशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका शहरी क्षेत्र की सभी मुख्य सड़कों पर निराश्रित घूमते गौवंश की दुर्दशा का जिम्मेदार आखिर कौन है? यह प्रश्न कई बड़े सवाल पैदा कर रहा है।

पिछले दिनों राजपाल जिंदल की मुहिम पर नगरपालिका ने सड़कों से गायों को पकड़ते हुए उन्हें गौशाला तक पहुंचाया गया था जिसमें चीका के वार्ड एक के पार्षद सुखवीर सिंह (काला पहलवान) व नपा वाइस चेयरपर्सन के प्रतिनिधि एवं एस.डी. सभा चीका के प्रधान राजीव शर्मा ने अहम भूमिका निभाते हुए गायों की सुरक्षा का बीड़ा उठाया था लेकिन उनके अथक प्रयास भी पूरी तरह से सिरे नही चढ़ पाए क्योंकि जितनी गायों को विशेष अभियान के तहत उन्होंने गौशाला या नंदीशाला में पहुंचवाने का काम किया था वो फिर से सड़कों पर निराश्रित अवस्था में देखी जा सकती हैं या फिर उन जैसी असंख्य गायों को कभी गड्ढों में गिरा पाया जाता है तो कभी कचरा खाते, उन्हीं में से कुछ गौवंश व गायों को हांसी बुटाना नहर से भी कई बार समाजसेवी निकाल चुके हैं।



गुहला चीका। सड़क पे खड़ी बेसहारा गाय। फोटो :हरिभूमि

**गोशाला में भेज रहे**

नगरपालिका सचिव राजेश शर्मा ने कहा कि हमारी तरफ से गायों को पकड़वाते हुए गौशाला या नंदीशाला में भिजवाने के पूरे प्रयास किए जाते हैं। अभियान के तहत जितनी गायों को नंदीशाला या गौशाला में छुड़वाया जाता है उतनी ही गाय आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा फिर से छोड़ दी जाती हैं।

## बेसहारा गायों को पकड़कर गोशाला में लाएं और 200 रुपये इनाम पाएं

### श्रीकृष्ण गोपाल गोसेवा सदन चीका की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका शहर की सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों को पकड़कर गौशाला तक लाने वाले लोगों के लिए यहां की श्री कृष्ण गोपाल गौ सेवा सदन गौशाला ने एक अनूठी पहल की है और सोशल मीडिया पर अपील की है कि बेसहारा गायों से लोग परेशान हैं और जहां दुर्घटनाओं का कारण तो बन ही रही हैं, वहीं राहगीर भी चोटिल हो रहे हैं, जिसके चलते गौशाला कमेटी पर दबाव बढ़ रहा है कि वह गायों को पकड़कर गौशाला में ले जाएं ताकि लोगों को परेशानी ना हो नतीजतन गौशाला प्रबंधक कमेटी ने एलान किया है कि जो भी मजदूर या अन्य व्यक्ति सड़क पर घूम रही बेसहारे गौ धन को लेकर गौशाला में आएगा, तो उसे इनाम के तौर पर 200 रुपए दिए जाएंगे। उधर गौशाला कमेटी ने गौ भक्तों व शहर के लोगों का आह्वान किया है कि गौशाला द्वारा चलाए गए उक्त मिशन को कामयाब करने के लिए गौशाला का सहयोग करें ताकि गौशाला अपने मिशन में कामयाब हो जाए और लोगों को बेसहारा गायों से होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल जाए।

# पांच दर्जन बंदरों को जंगल में छोड़ा

■ नगर से बंदरों को पकड़े जाने पर लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौद। बंदरों को पकड़ने के लिए पहुंची टीम। फोटो :हरिभूमि

नगर में बंदरों को पकड़ने आई टीम से लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार को राजौंद के विभिन्न वार्डों में बंदर पकड़ने के लिए पहुंची टीम ने 50 से 60 बंदरों को पकड़कर कालेसर यमुनानगर के जंगलों में छोड़ने के लिए ले जाया गया है। पिछले लंबे से वार्ड के लोग बंदर पकड़ने के लिए नगरपालिका प्रशासन से गुहार लगा रहे थे। वार्ड के लोगों ने बताया कि बंदरों को लेकर आए दिन घटना हो रही थी। जिससे अब बंदरों के हौसले इतने बुलंद थे कि घरों में अगर महिला बच्चे अकेले हो तो वह घर में घुसकर भी समान को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ काटने से भी गुरेज नहीं करते थे। रविवार को टीम के सदस्यों ने वार्ड नंबर 04 व 08 में 50 से 60 बंदरों को पकड़ा। नगरपालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर के लोगों द्वारा बंदरों को पकड़ने बारे शिकायतें मिल रही थी। नगर के कुछ वाडांरे में पहले ही बंदर पकड़े जा चुके है और कुछ वार्ड में बंदर पकड़े जा रहे है। सचिव ने बताया कि जब तक पूरे नगर में बंदरों को पकड़ा नही जायेगा यह बंदर पकड़ो अभियान जारी रहेगा।

# पंजाबी सेवा सदन ने बांटा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ वरिष्ठ सदस्य की माता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

5 मई पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। शुरूआत में पंजाबी सेवा सदन के वरिष्ठ सदस्य भारत भूषण टक्कर की माता बिमला रानी जी के आकस्मिक निधन पर सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी व आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह दिया जाता है । उन्होंने आगे बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही वंही परिसर में बने मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान में हर तरह के कोर्स मुफ्त करवा समाज सेवा का कार्य भी कर रही है। कंप्यूटर कोर्स संस्था द्वारा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में मुफ्त करवाए जाते हैं। प्रधान ने आगे बताया कि हमारा प्रयास है कि युवाओं को इस तरह के कोर्स करवाए जाए जो उनके भविष्य को सुधारने व संवारने का काम करें। संस्था कल्पना चावला शिक्षा सम्मान योजना के तहत 50बच्चों की शिक्षा,ड्रेस व किताबों का खर्च वहन कर उनके भविष्य को संवारने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बड़े हाल की फाल सीलिंग का काम शुरू किया जायेगा व क्षतीग्रस्त दीवार का निर्माण भी जल्द करवा लिया जाएगा।सदन के महासचिव संदीप मलिक व सामाजिक कल्याण योजना संयोजक चंद्र शेखर नरूला ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जहां हर माह गरीब परिवारों को राशन देने का कार्य कर रही है वहीं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अन्य किस्म की भी सहायता प्रदान कर रही है। मुख्य संरक्षक इंद्रजीत सरदाना ने सभी नगर वासियों को अपील की कि आप अपना वोट जरूर डालने जाएं। इस अवसर पर इंद्रजीत सरदाना,सुधीर मेहता,ललित नरूला,सतीश चावला,अशोक आर्य, योग राज बत्रा,मनोहर लाल आहूजा,विनोद खंडूजा, कवल तनेजा,राकेश मल्होत्रा,राज कुमार दुआ, आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह की रोकथाम में करें प्रशासन का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत सजा व जुर्माने का भी प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह / शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बाल विवाह का आयोजन करने की भी संभावना बनी रहती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध है। उन्होंने अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले विवाह समारोहों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारी / पाठी, गांव के पंच-सरपंच व नंबरदार तथा शहरों में नगर पार्षद इत्यादि से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी बाल विवाह का आयोजन न होने दें। अगर किसी को इसकी सूचना मिलती है तो वे जिला प्रशासन को सूचित करें।

# पारुल ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

■ स्कूल में पहुंचने पर छात्रा पारुल का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। छात्रा पारूल का स्वागत करते हुए प्राचार्य जयपाल। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग की छात्रा पारूल ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीत कर विद्यालय और जिला कैथल का नाम रोशन किया। मुम्बई में आयोजित हुई राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मे 22 टीम ने भाग लिया। हरियाणा राज्य की टीम से खेलते हुए पारूल ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को विजयी बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय पहुंचे पर सभी गांव के लोगों और प्रधानाचार्य जयपाल और सरपंच प्रतिनिधि कर्मवीर व सभी अध्यापको ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। खिलाडी ने बताया कि सेमीफाइनल मैच मुम्बई और हरियाणा का हुआ जिस मे मुम्बई 24-25 से जीत गया और हरियाणा की टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।पारूल के एक भाई-बहन और पिता सन्नी लेबर का काम करके परिवार का खर्च चलाते है। स्वागत समारोह के अंत मे खिलाडी को स्पोर्ट्स किट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्य जयपाल सिंह विद्याथीर्यों को विद्यालय मे आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि बेटियाँ हमारे देश की शान है, जो हर क्षेत्र मे हमारे देश का नाम रौशन कर रही है।

### परमात्मा की उपासना के बिना मुक्ति व सुख प्राप्त नहीं हो सकता

**पूंडरी।** पूंडरी हुड्डा के महर्षि दयानंद पार्क यज्ञशाला में पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच द्वारा साप्ताहिक सत्संग व हवन वेद मंत्रों के द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा धनपत आर्य थे और यजमान के रूप में रिंपल टाया व नवीन टाया ने भाग लिया। मुख्य यजमान डिंपल ने कहा महर्षि दयानंद ने मातृ शक्ति को जो अधिकार दिलवाए हैं, मातृशक्ति सदा उनका णी रहेगी। आज महर्षि दयानंद की ही देने है नारियों को भी शिक्षा दिलाई जाने लगी, उनका कहना था कि एक शिक्षित महिला दो-दो परिवारों का सुधार कर सकती है। महर्षि दयानंद से पहले मातृशक्ति को पैरों की जूती समझा जाता था।

# टैलेंट हंट प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दर्शन अकादमी 5,माइल,अंबाला रोड ,कैथल में टैलेंट हंट करवाया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रत्येक प्रतियोगिता व गतिविधियों के लिए आत्मविश्वास, निर्भयता, जोश व प्रतियोगी भावना का विकास करना था। इस टैलेंट हंट में म्यूजिक, डांस, पब्लिक स्पीकिग ,मिमिक्री,कॉमेडी जैसे विषयों को चुना गया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी रोचकता व अभिरुचि के अनुसार विभिन्न विषयों को चुना। छात्रों ने डांस व म्यूजिक में विभिन्न प्रदेशों के लोकगीतों व लोकनृत्यों का बखूबी प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने



टैलेंट हंट में भाग लेती छात्रा

पूर्ण जोश, उत्साह व आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। स्कूल प्रिंसिपल सुशील कुमार ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि स्कूल समय-समय पर ऐसे आयोजन करवाता रहता है, ताकि छात्र अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचान सके।उन्होंने प्रत्येक कैटेगरी में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया ।स्कूल मैनेजर अशोक भारती ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में कोई न कोई व्यक्तिगत गुण अवश्य होता है। इस प्रकार के आयोजन ही छात्रों के उन गुणों को निखार कर उसे समाज उपयोगी बनाते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को उनकी प्रतिभागिता व प्रतियोगी भावना की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में प्रत्येक प्रतियोगिता व गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर नैंसी,वंदना ,खुशबू,वीरम,अनुप्रिया, संजम ,रिशु,रीतू,रेनू,निकिता,प्रशांत, अभिमन्यु,ललिता उपस्थित रहे।

# एक मंच पर आएं वरिष्ठ नागरिकों की संस्थाएं

■ वरिष्ठ नागरिक फॉरम हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




कैथल। वरिष्ठ नागरिक फॉरम हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग में भाग लेती पूर्व आइएएस अधिकारी जयवंती श्योकंद। फोटो :हरिभूमि

वरिष्ठ नागरिक फॉरम हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग जिमखाना क्लब सैक्टर 21 कैथल में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक फॉरम हरियाणा की अध्यक्षा जयवंती श्योकंद पूर्व आईएएस अधिकारी ने की तथा मंच संचालन राज्य महासचिव अजीत डांगी ने किया। वरिष्ठ नागरिक समिति कैथल के प्रधान राम नारायण रावल, चीफ पैटर्न बीडी गुप्ता व महासचिव रोहित शर्मा ने मिटिंग में आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। राज्य अध्यक्षा जयवंती श्योकंद ने कहा कि सभी समितियां बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। आज के आयोजन के लिए उन्होंने कैथल के प्रधान रामनारायण रावल व समस्त कार्यकारिणी की प्रशंसा की। राज्य महासचिव अजीत डांगी ने सोनीपत में हुई पिछली वार्षिक मीटिंग का ब्योरा सुनाया। राज्य वित्त सचिव एडवोकेट बीएस पुनिया ने वर्ष 2023-24 की बैलेंस शीट प्रस्तुत की जिसको अनुमोदित कर दिया गया। वरिष्ठ नागरिक समिति सोनीपत के प्रधान बीआर आहुजा ने इस बात पर बल दिया कि वरिष्ठ नागरिकों की सभी संस्थाओं को एक ही मंच पर एकत्रित होना चाहिए। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान गुलियानी ने सभी समितियों को सलाह दी कि उनके पास पर्याप्त वित्त होना चाहिए परन्तु राज्य अध्यक्षा ने कहा कि क्योंकि हमारे पास अभी किसी बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य नहीं हो रहा है और सभी समितियां बेहतर कार्य कर रही हैं। अतः हमारे पास पर्याप्त संसाधन हैं। चीफ पैटर्न कर्नल एसएस ढांडा व वेदपाल आर्य ने स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की जानकारी सांझा की। वेद पाल आर्य ने बताया कि वे 82 वर्ष की आयु में भी योग और आसन करने से बिल्कुल स्वस्थ रहता हूं। कुरुक्षेत्र से आए हुए सीपी गुप्ता व कैथल के टेक चंद वर्मा ने भजन, रमेश चंद पबरेजा ने देश भक्ति गीत, सीता राम दयोरा व भोलाराम ने चुटकुले सुनाए।

# जाट महाविद्यालय को मिली चार पीजी और पांच नए यूजी कोर्स की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



■ 2024-25 के शैक्षणिक सत्र से होगी शुरुआत

जाट महाविद्यालय कैथल को चार पी. जी. कोर्स एवं पांच नए यू.जी कोर्स की सौगात मिली है। जाट महाविद्यालय कैथल की प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने मीडिया को बताया कि जाट हाई स्कूल सोसाइटी के तत्वाधान में जाट महाविद्यालय कैथल निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिम स्थान पर है। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण के दिशा निर्देश में जाट महाविद्यालय की टीम कार्य कर रही है। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि गत वर्ष 2024 25 नए सत्र में तीन पी.जी कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। इनमें एम.एस.सी ज्योग्राफी, एम.ए. इंग्लिश , एम.ए.योगा ,पी.जी.डी.सी.ए कंप्यूटर साइंस, यू.जी कोर्स में पांच नई कोर्स की शुरूआत बैचलर ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट, बी.एम.सी .बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन , बी.बी.सी.ए ऑनर्स सभी कोर्सों की विश्वविद्यालय एवं डीजीएचई की तरफ से औपचारिकता है पूरी हो चुकी हैं और विश्वविद्यालय एवं ऊऋृळए की तरफ से मंजूरी स्वीकृत हो चुकी है। नए कोर्सों शुरू होने से पूरे कैथल क्षेत्र में खुशी के लहर दौड़ रही है। जाट हाई स्कूल जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक चंद्रशेखर सहारन ने कहा कि जो सपना दीनबंधु सर छोटू राम ने देखा था, शिक्षा के क्षेत्र में ,मुझे नए कोर्सों के आगमन पर वह सपना पूरा होता नजर आ रहा है। मुझे जाट समाज ने शिक्षा के विकास के उद्देश्य से प्रशासक पद का कार्य भर की जिम्मेदारी दी थी, वे इस उत्तरदायित्व को पूरी जिम्मेवारी, कर्मठता, ईमानदारी से निरंतर कार्यरत एवं वचनबद्धता के साथ निभा रहा हूं।

**परेशानी** हरिगढ़ किंगण गांव में फैल सकती है बीमारी

# दूषित पेयजल सप्लाई के चलते लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका। नलों में आ रहे दूषित पानी को दिखाते हुए ग्रामीण।

उपमंडल गुहला के गांव हरिगढ़ किंगण में पिछले कई दिनों से सरकारी नलों में आ रहे गंदे पानी से ग्रामीण परेशान हैं परंतु आरोप है कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की बात तक सुनने को तैयार नहीं हैं। उक्त सम्बन्ध में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल सुनीता देवी, अंगूरी देवी, प्रकाशो, सरोज बाला, अंकित कुमार, लाभ सिंह व नैब सिंह आदि ने युवा नेता भरत हरिगढ़ के नेतृत्व में रोष प्रकट किया और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से गंदे व दूषित पानी की जगह शुद्ध पानी भिजवाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भरत ने बताया कि ग्रामीणों को जो पानी सप्लाई किया जा रहा है वह पूरी तरह से दूषित है और पानी में बदबू आती है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी पीने से बुजुर्ग व बच्चे दस्त व पेट दर्द की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने उक्त समस्या को जल्द हल ना किया तो फिर कोई भी बड़ी बीमारी भी फैल सकती है

### आज ही संज्ञान में आई समस्या : एसडीओ

इस सम्बन्ध में जब पब्लिक हेल्थ के एस.डी.ओ. इन्द्रराज पंवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उक्त समस्या आज ही उनके नोटिस में लाई गई है और इसे प्राथमिकता के आधार पर हल करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को साफ व शुद्ध जल देना उनके विभाग का दायित्व है और उसमें किसी प्रकार की भी कोताही नहीं बरती जाएगी।

खबर संक्षेप

### पिट्टु खेल स्पर्धा में 15 टीमों ने हिस्सा लिया

**जींद।** ग्राम पंचायत पड़ाना के तत्वावधान में पिट्टु खेल को बढ़ावा देने के लिए सनराइज स्कूल में द्वितीय पिट्टु ईनामी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से 15 टीमों ने हिस्सा लिया। पिट्टु प्रतियोगिता मिक्स टीम जिसमें चार खिलाड़ी पुरुष व दो महिला खिलाड़ी एक टीम में खेल सकते थे।

### नशीला पदार्थ सुंघा सोने के जेवरात किए चोरी

**जींद।** पुराना बस अड्डे के निकट दो युवकों ने एक महिला को बातों में उलझा कर उसे नशीला पदार्थ सुंघा कर कानों से सोने की बाली तथा सोने का लॉकेट निकाल कर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ नशीला पदार्थ दे चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध असलाह सहित युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने जुलाना अनाज मंडी के निकट एक युवक को अवैध असलाह सहित काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ जींद इंचार्ज मनीष कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही सुरेंद्र को सुचना मिली कि गांव माडोदी निवासी राहुल उर्फ ढीला असलाह के साथ पकड़ा।

### चुनाव के दौरान जमा कराने होंगे हथियार

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी व्यक्ति अपने साथ किसी भी प्रकार का हथियार नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि यह आदेश लोकसभा चुनाव खत्म होने तक जारी रहेगा। सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को संबंधित थाने में हथियार जमा करना होगा।

### चुनाव के कार्य में कोताही के लिए कोई स्थान नहीं

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मियों के लिए चुनाव से संबंधित कार्य करना सबसे पहली प्राथमिकता है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव कार्योर् को तत्परता के साथ पूरा किया जाए। चुनाव के कार्य में कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा है कि चुनाव संपन्न होने तक सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन हैं और सभी को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही कार्य करना है। बिना पूर्व अनुमति के किसी को भी अवकाश नहीं दिया जा सकता है।

### कंपनी में निवेश के नाम पर 63 हजार का चूना

**जींद।** कंपनी में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर लगभग सात लाख 63 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कंपनी के तीन मैनेजिंग डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी अमित ने बताया कि सितंबर 2021 में सफीदों निवासी सुशील जैन की मार्फत उसका संर्पक देवीलाल ग्राउंड के ग्रोथ स्प्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी चलाने वाले के झांसे में आ गया।

वन स्टॉप सेंटर में कुल 160 मामले आए सामने

# हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिला थाना व वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

उपाध्यक्ष महिला पुलिस थाना पहुंची और यहां महिला थाना प्रभारी से थाने में आने वाली शिकायतों व उनके निदान के बारे में जानकारी हासिल की।

- घरेलू हिंसा के 69, दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट के तीन, गुमशुदगी के तीन व अन्य 53 शिकायतें
- महिला थाना में 318 शिकायतों में से 312 का किया निपटान
- दर्ज शिकायतों के आधार पर पीड़ित परिजनों से की फोन पर बात
- पीड़ित महिला ने वाइस चेयरमैन को सुनाई व्यथा, कार्रवाई के आदेश
- वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो : सोनिया
- पीड़ित के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर व्हाट्सएप पर दस्तावेज मंगवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने रविवार को महिला पुलिस थाना व जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में बनाए गए वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण की जानकारी अधिकारियों को पहले ही लग चुकी थी। जिसके चलते व्यवस्थाओं को चकाचक किया गया था।

उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल सबसे पहले महिला पुलिस थाना पहुंची और यहां महिला थाना प्रभारी से थाने में आने वाली शिकायतों व उनके निदान के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने रजिस्ट्र में दर्ज शिकायतों के आधार पर पीड़ितों के परिजनों से भी बातचीत की और परिजनों से जाना कि महिला पुलिस उनके मामले में किस प्रकार की कार्रवाई कर रहे हैं और पुलिसकर्मी पीड़ित परिवार का सहयोग कर रहे या नहीं। इसके बाद उन्होंने महिला थाना प्रभारी से पूछा कि किसी महिला ने पुरुष पर दुष्कर्म का झूठा केस तो नहीं दर्ज करवा दिया है। अगर ऐसा है तो शिकायकर्ता महिला के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस पर महिला थाना प्रभारी मुकेश देवी ने कहा कि अभी तक दुष्कर्म का कोई झूठा केस सामने नहीं आया है।





**जींद।** महिला थाना में रजिस्टर को जांचते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल व नागरिक अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर में जांच करते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल। फोटो :हरिभूमि

### पीड़ित महिला ने वाइस चेयरमैन को सुनाई व्यथा

निरीक्षण के दौरान जींद की ही रहने वाली एक पीड़ित महिला लक्ष्मी वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल से मिली। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उसकी शादी सिरसा जिले में एक साल पहले हुई थी, उसका एक छोटा बच्चा है लेकिन वह पिछले नौ महीने से अपने मायके में रह रही है।

इसके बाद महिला आयोग की वाइस चेयरमैन ने महिला के पति के फोन पर संपर्क किया तो उसने फोन नहीं उठाया। फिर उन्होंने इस मामले में थाना प्रभारी मुकेश देवी को निर्देश दिए कि महिला के पति को सोमवार को महिला पुलिस थाने में बुलाया जाए और पीड़ित महिला को बुलाया जाए ताकि जल्द से जल्द उसकी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि साथ में महिला आयोग भी पीड़ित महिला की मदद करेगी। वहीं उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जांच के दौरान मामले से संबंधित दस्तावेज जल्द से जल्द मंगवा लिए जाए और किसी पीड़ित महिला को दस्तावेजों को लेकर बार-बार थाने में नहीं आना पड़े। पीड़ित के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर व्हाट्सएप पर दस्तावेज मंगवाए या फिर हो सके तो कर्मचारी खुद पीड़ित के पास से दस्तावेज लेकर आएं। किसी भी पीड़ित को बेवजह थाने के चक्कर बार.बार नहीं काटने पड़ें। सोनिया अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बनाए गए वन स्टॉप सेंटरों का निरीक्षण किया जा रहा है। उनका प्रयास है कि वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो सके। जो भी यहां से केस जाए चाहे वो रन अवे केस हो, डोमेस्कि वायलेंस का हो, या कोई और हो, उनकी तीन माह तक फालोअप करें। उन्होंने कहा कि बेटी कहीं भी प्रताड़ित होती है तो वो इसकी शिकायत आयोग को सीधे कर सकती है।

### अब तक 318 शिकायतें थी दर्ज

*हरियाणा रा'य महिला आयोग की वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल ने यहां पत्रकारों से बातचीत की कि महिला पुलिस थाने में जनवरी से लेकर अबतक 318 शिकायतें दर्ज थी। जिसमें से 312 शिकायतों का निपटारा किया है। इसके अलावा एसपी थाने से जो शिकायतें महिला पुलिस थाने में दर्ज होती हैं, उनकी संख्या 283 है। जिसमें से 265 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। अभी थाने में छह शिकायतें लंबित हैं, जिसे दस या 15 दिन में निपटा दिया जाएगा।*

### वन स्टॉप सेंटर का भी किया निरीक्षण

महिला थाना का निरीक्षण करने के बाद वाइस चेयरमैन सोनिया अग्रवाल नागरिक अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर में पहुंची और निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बताया कि जनवरी माह से लेकर अबतक घरेलू हिंसा के 69 मामले आए हैं। इसके अलावा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तीन मामले और गुमशुदगी के तीन मामले आए हैं। अन्य तरह के 53 शिकायतें वन स्टॉप सेंटर को मिली। यहां कुल 160 मामले सामने आए। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि झ'जर जिले के क्षेत्र की एक पीड़ित महिला शनिवार रात को वन स्टॉप सेंटर आई थी। इसके बाद परिजनों से बातचीत की तो महिला ने परिजनों के साथ जाने से मना कर दिया। फिर महिला ने उसकी बहन के साथ जाने की हां भरी।

### अग्रवाल समाज ने सम्मानित किया

**जींद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरमैन बनने के बाद पहली बार जींद आई सोनिया अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला विंग की प्रधान डेजी जैन, पूर्व प्रधान पुष्पा अग्रवाल, सावर गर्ग, रामधन जैन, मंजू सिंगला, डा. रेनू गर्ग, रेनू तायल, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गर्ग, सुशील सिंगला इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने सोनिया अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि सोनिया अग्रवाल पिछले लंबे समय से महिलाओं के उत्थान को लेकर कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण को लेकर जो कार्य सोनिया अग्रवाल ने किया है उसका कोई सानी नही है। पहले हरियाणा सरकार में उन्हें महिला आयोग का सदस्य बनाया था। सदस्य बनने के बाद सोनिया अग्रवाल ने महिलाओं की समस्याओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाई।

# एकता उगराहां सरकार का विरोध करेगा

- भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां हरियाणा की मीटिंग में किया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां हरियाणा, जिला कैथल की एक मीटिंग का आयोजन डेरा कार सेवा पेहवा रोड चीका में किया गया। आज की मीटिंग की अध्यक्षता राज्य कमेटी मेंबर बहन चरणजीत कौर व मंच संचालन त्रिलोचन सिंह मीर ने किया।

बैठक में राज्य प्रधान कंवरजीत सिंह भी उपस्थित हुए। आज की मीटिंग के मुख्य एजेंडा में लोकसभा के चुनाव में किसान व किसानी संगठन की भूमिका, वर्तमान समय में किसानी आंदोलन की आवश्यकता, मेंबरशिप आधारित गांव कमेटियों का निर्माण व गांव कमेटियों द्वारा पिछले दिनों किए गए कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। लोकसभा के चुनावों के मुद्दे पर बोलते हुए राज्य प्रधान ने उपस्थित समूह को बताया कि संगठन की एक लाइन पहले से निश्चित है कि संगठन किसी भी राजनीतिक दल या चुनाव लड़ रहे किसी भी प्रत्याशी को ना तो किसी प्रकार का समर्थन करता है ना ही उसका प्रचार या स्वागत करता है और ना ही स्वयं संगठन का कोई पदाधिकारी चुनाव लड़ सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में बीजेपी सरकार द्वारा निरंतर किसान विरोधी लिए गए फैसलों के आधार पर संयुक्त किसान मोर्चा ने यह फैसला लिया है कि बीजेपी व उससे जुड़े हुये तमाम राजनीतिक दलों से, जब वे उनके क्षेत्र या गांवों में वोट मांगने के लिए आएं तो किसान उनसे किसानों पर हुए अत्याचार, लखीमपुर खीरी हत्याकांड, शुभकरण सिंह के कत्ल, किसानों को अपने हक की आवाज को उठाने के लिए दिल्ली जाने से रोकने के लिए किए गए अत्याचार, आंदोलन में गिरफ्तार किए गए किसानों को रिहा ना करने व फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित न करने सहित अन्य कई मांगों को लेकर सवाल पूछें और अपना विरोध दर्ज करें कि जब उनकी सरकार किसानों पर ये अत्याचार कर रही थी तब वे कहां थे और इन मुद्दों पर आज भी उनका क्या रुख है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानी आंदोलन की जरूरत हर समय रहेगी।



**गुहला चीका।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के सदस्य मीटिंग करते हुए

# भाजपा व जजपा नेता के गांवों में आने पर भाकियू करेगी सवाल

- भारतीय किसान यूनियन की उचाना में बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय किसान यूनियन की उचाना में बैठक हुई। जिसमें जींद जिले के अलग-अलग किसानों के मुद्दों पर चर्चा की गई। सरकार द्वारा किसानों पर किए अत्याचार ओर चुनावी माहौल को देखते हुए फैसला लिया गया कि भाजपा व जजपा नेताओं के गांव मे आने पर सवाल किए जाएंगे। सरकार द्वारा किसानों पर चलाई गोलियों व लाठीचार्ज में व लखीमपुर के किसानों को गाडीं से रोंदकर शहीद किए किसानों व घायल किसानों को न्याय दिलाने के लिए सवाल किए जाएंगे। एमएसपी गारंटी कानून और किसान मजदूर कर्जा माफी व अन्य सभी किसानी मुद्दो पर सवाल करेंगे। अगर भाजपा व जजपा हमारे सवालों का जवाब नही देंगे व सवालों से भागने की कोशिश करेंगे तो शांतिपूर्ण तरिके से काले झंडे दिखा कर अपना विरोध जताएंगे।



**जींद।** रोष जताते हुए भाकियू कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# कंडेला से खाटूश्याम व सालासर धाम के लिए बस को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता प्रदीप गिल ने गांव कंडेला से खाटूश्याम व सालासर धाम के लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यहां प्रदीप गिल ने कहा कि वैसे भी बड़ी उम्र में सभी बुजुगोंर् का सपना होता है कि वो तीर्थ स्थलों के दर्शन करने जाएं। आज महंगाई के जमाने मे कुछ लोगों का आखिर सपना सपना ही रह जाता है। मंदिर में जाने से हमे जीवन मे आगे बढ़ने में मदद मिलती है और हमारे अंदर किसी काम को करने की पॉजिटिव ऊर्जा पैदा होते हैं। इस यात्रा में गांव कंडेला से बुजुर्ग महिला व बच्चों को खाटूश्याम व सालासर धाम के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। प्रदीप गिल ने कहा कि वो जींद विधानसभा के हर गांव व शहर से बुजुगोंर् व जरूरतमंद लोगों को तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाएंगे। आज हम भाग दौड़ की जिंदगी में इतना बिजी हो गए हैं कि हम किसी के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। इस मौके पर बिट्टू कंडेला, राकेश कंडेला, मनोज कंडेला, सुरेश कंडेला, दिनेश कंडेला, सुरेश झांझ, कैलाश बरसोला, सनी आदि मौजूद रहे।



**जींद।** बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए प्रदीप गिल।

# कारगिल तिरंगा रथ यात्रा का रोड मैप तैयार

- पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने हनुमान वाटिका में मीटिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल ने हनुमान वाटिका में मासिक मीटिंग की। उसमें सभी पूर्व सैनिकों ने अपने विचार रखे और उसके बाद 10 मई 2024 को सिरसा से चलकर 26 जुलाई को कारगिल वर मेमोरियल लद्दाख पहुंचने वाली कारगिल विजय तिरंगा रथ यात्रा जो की जिला कैथल में भी लगभग 70 किलोमीटर का रूट तय करेगी उसके बारे में सभी साथियों ने बैठकर विचार विमर्श किया साथ ही इसकी रूपरेखा तैयार की, एसोसिएशन प्रधान हवलदार जगजीत फौजी 10 मई को यात्रा के शुभ आरंभ पर सिरसा में पहुंचकर ज़िला कैथल का प्रतिनिधित्व करेगे।इसके लिए सभी सैनिकों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए और इसकी रूप रेखा जो तैयार की उस में रुट पर आने वाले सभी गांव के सरपंच और पंचायत को आमन्त्रित किया जायेगा और इसके लिए प्रशासन से भी अनुरोध किया जायेगा की 25 मई को लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जो शहीदों के स्मारक बने हैं उनके ऊपर भी जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाने का अनुरोध किया जायेगा ताकि तिरंगा रथ यात्रा के समय पर आने वाले यात्री इनको श्रद्धांजलि दे सकें। इसके साथ-साथ एसोसिएशन ने एक और बहुत ही अहम फैसला लिया जो की पूर्व सैनिक की मृत्यु के बाद उनके पार्थिव शरीर को सलामी देकर मान सम्मान जो दिया जाता है उसे बारे बात चीत करते हुए पूरा जोर दिया कि ऐसे समय पर एसोसिएशन को अवश्य अवगत करवाये अगर सलामी देने के लिए टीम अंबाला से नहीं पहुंच सकेगी है तो एसोसिएशन अपनी तरफ से उनको तिरंगा उड़ा कर उनके पार्थिक शरीर को मान सम्मान देंगी।



**कैथल।** बैठक उपरां बाहर आते पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी

### दो महिलाओं समेत तीन लापता, केस दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं तथा एक युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव इस्माइलपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 34 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। गांव भीखेवाला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 26 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**नुकसान** एनएचएआई को भेजी रिपोर्ट, सडकें टूटने से लोक निर्माण विभाग को करीब 26 करोड़ का नुकसान

# नियमों की अनदेखी ओवर लोडिड मिट्टी डंपरों को पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के नियमों को दर किनार करना अब ओवर लोडिड मिट्टी डंपरों को भारी पड़ता नजर आ रहा है। इससे सडकें टूटने से लोक निर्माण विभाग को करीब 26 करोड़ का नुकसान हुआ है। धरातल पर समीक्षा के बाद लोक निर्माण विभाग ने इसकी रिपोर्ट तैयार करते हुए एन.एच.ए.आई को प्रेषित की है। हवाला दिया गया है कि संबंधित विभाग के माध्यम से ही एक्सप्रेस हाई-वे का निर्माण हो रहा है। निर्माण में मिट्टी ढुलाई में डंपरों का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल हो रहा है। इसके चलते कलायत-बालू-कसान, कलायत से धनौरी-दाता सिंह, कलायत सांघण वाया लांबा खेड़ी, कुराड़, दुब्बल, हरिपुरा, कलायत से सजूमा, बात्ता व चौशाला, एनएच 65 से मटौर, खरक, चौशाला, कमालपुर, किठाना, बालू-बढ़सीकरी, बात्ता-कैलरम, खरक, रामगढ़, रत्नपुरा, रामगढ़ पांडवा, बढ़सीकरी, चौशाला, जुलानी खेड़ा, बालू से तारागढ़, कौलेखां, ढूंढवा, दूढवा से कुराड़ और लोक निर्माण विभाग की कुछ दूसरी सडकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं।



कुराड़-सजूमा मार्ग

### विवरण सहित पत्राचार जारी

कनिष्ठ अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि एसडीओ के निर्देश पर सडकों के नुकसान का पूरा विवरण खर्च सहित एन.एच.ए.आई को भेजा गया है। 26 करोड़ की राशि को लेकर एन.एच.ए.आई के परियोजना निदेशक कार्यालय से पत्राचार जारी है।

### 6 करोड़ का व्यय करने की तैयारी

कलायत क्षेत्र में ओवर लोडिड डंपरों की वजह से जहां लोक निर्माण विभाग को सडकें टूटने से 26 करोड़ का नुकसान हुआ है वहीं बदहाल सडकों के कायाकल्प की मांग निरंतर उठ रही है। लोक सभा चुनाव आचार संहिता हटने के उपरांत लोक निर्माण विभाग लगभग 6 करोड़ के बजट से नई सड़क बनाने की तैयारी में है।